तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 24 अगस्त 2025

12 रजत महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



13 ऊंची आवाज में डीजे बजाने पर होगी कार्रवाई






## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमचर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप



### करकेली में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

**बीजापुर।** रजत जयंती के अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम पंचायत करकेली में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें हितग्राहियों को पोषण शिक्षा स्वास्थ्य एवं देखभाल के बारे में बताया गया। ग्राम के 30 एनिमिक महिला हितग्राहियों एवं 42 बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण कर मुफ्त में दवाईयां वितरण किया गया। बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ ग्रहण कराया गया, सभी को महिला हेल्प लाइन 181 व चाईल्ड हेल्प लाइन 1098 की जानकारी दिया गया।

### बालक-बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता 31 को

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इनरव्हील क्लब जगदलपुर द्वारा 31 अगस्त को इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम स्थित बैडमिंटन कोर्ट में बैडमिंटन टूनार्मेंट का आयोजन किया जाएगा। यह टूनार्मेंट अंडर-14, 17 और 19 श्रेणियों में होगा जो लड़के-लड़कियों दोनों के लिए होगा। अध्यक्ष लाइबा चामड़िया ने बताया कि इस टूनार्मेंट का उद्देश्य बच्चों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के लिए प्रेरित करना है। बच्चे आगे बढ़ सके और देश की तररकी में अपना योगदान दे सके । सचिव प्रीति आजाद ने बताया कि टूनार्मेंट के पश्चात सभी खिलाड़ियों को भागीदारी प्रमाण पत्र और विजेताओं को शील्ड और मेडल प्रदान किए जाएंगे ।

### हितग्राहियों को बांटे गए वनाधिकार पत्र



**बीजापुर।** रजत जयंती के अवसर पर उसूर विकासखंड में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत स्वीकृत 303 हितग्राहियों को व्यकिगत वन अधिकार मान्यता पत्र वितरण किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष जानती कोरसा, शेष पेज 12 पर

# चिड़ियों के घोसलों से हो रही आगजनी, बिजली व्यवस्था प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

## पोल में लगी आग से आधा घंटे बंद रही बिजली, उपभोक्ता परेशान

विद्युत लाईन के पोल में चिड़ियों के घोसले बने हुए है, जिसके चलते पोल में आग लग रही है। शुक्रवार को शहर के गीदम रोड में पोल में आग लगने से आधे घंटे तक बिजली बंद रही। इसकी सूचना मिलते ही विद्युत कर्मी पहुंचे और बंद बिजली को बहाल किया।

विद्युत खंभों पर बने चिड़िया के घोसलों से बिजली बंद होना और आग लगना एक आम समस्या है। यह तब होता है जब घोंसला बिजली के तारों के बीच शॉर्ट सर्किट (विद्युत प्रवाह में व्यवधान) या गलती से पृथ्वी से संपर्क में आता है, जिससे आग



### मेंटनेंस में घोसले भी हटाएं

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम ने कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिया कि मेंटनेंस के दौरान पोल में लगे चिड़ियों के घोषलों का हटाया जाए।

लग सकती है। इस समस्या के समाधान के लिए बिजली विभाग को जल्द से जल्द बिजली के पोल पर लगे इन घोंसलों को हटाना चाहिए। घोंसला बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली ज्वलनशील सामग्री (जैसे सूखी पत्तियाँ) बिजली के कारण लगने वाली चिंगारी या गर्मी से जल सकती है, जिससे आग लग जाती है। बिजली विभाग के कर्मचारियों को जल्द से जल्द इन घोंसलों को पोल से सुरक्षित रूप से हटाना चाहिए ताकि बिजली आपूर्ति में बाधा न आए और आग लगने का खतरा कम हो सके। स्थानीय उपभोक्ताओं को भी बिजली के पोल पर ऐसी समस्याओं को लेकर जागरूक रहना चाहिए और ऐसी किसी भी घटना की तुरंत सूचना स्थानीय बिजली विभाग को देनी चाहिए।

बोधघाट पहले हाइड्रल प्रोजेक्ट के रूप में था प्रस्तावित, जनभावनाओं को ध्यान में रखकर सिंचाई परियोजना में परिवर्तित

# आंध्र की पोलावरम परियोजना पूर्ण, पर बस्तर के बोधघाट पर चार दशक के बाद भी संशय

अनिल सामंत ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

इन्द्रावती नदी में बारसूर में बोधघाट परियोजना पिछले साढ़े 4 दशक से लंबित इस परियोजना का लंबे समय से क्षेत्र के ग्रामीणों के विरोध के चलते काम आज पर्यन्त अधूरा है।

- केन्द्र व राज्य में भी भाजपा की सरकार इसलिए उम्मीद है परियोजना पर भी जल्द ही काम शुरू होगा

केन्द्र सरकार ने जनवरी 1979 में छत्तीसगढ़ की बोधघाट परियोजना और आंध्रप्रदेश की पोलावरम परियोजना को मंजूरी दी थी। आंध्रप्रदेश की पोलावरम परियोजना पूर्ण होने को है, लेकिन बस्तर में विरोध के कारण बोधघाट परियोजना की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। हालांकि पूर्व में परियोजना को पूर्व में शुरू किया गया था और कुछ काम भी हुए थे जो आज दिखते हैं। अब फिर से भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार ने बोधघाट परियोजना को लेकर पहल शुरू की है। वहीं अब केन्द्र व राज्य में भी भाजपा की सरकार है,ऐसे में उम्मीद है कि बोधघाट परियोजना पर भी जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि साढ़े चार दशक से लंबित बोधघाट परियोजना को पहले हाईड्रल प्रोजेक्ट के रूप में प्रस्तावित किया गया था। बाद में जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार सिंचाई शेष पेज 12 पर



### इन्द्रावती सूखी थी तब भी याद आयी थी बोधघाट परियोजना

बस्तर की प्राणदायिनी इन्द्रावती नदी गर्मी के सीजन में इस साल पूरी तरह से सूख गयी थी,तब प्रभावित किसानों ने आंदोलन किया था। बाद में इन्द्रावती में पानी लाने सरकार ने भी पहल की थी। जब इन्द्रावती नदी पूरी तरह सूख चुकी थी,तब भी लोगों को बोधघाट परियोजना याद आयी थी। अब स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बोधघाट परियोजना को लेकर सीधे पीएम मोदी से बात की है,ऐसे में उम्मीद है कि अब बोधघाट परियोजना बन जाएगा, क्योंकि बोधघाट के बनने से बस्तर में पानी की समस्या का समाधान हो सकता है।

### बिजली उत्पादन के साथ तीन जिलों को मिलेगा सिंचाई पानी

बोधघाट सिंचाई परियोजना से दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले में 3 लाख 66 हजार 580 हेक्टेयर में सिंचाई के लिए किसानों को पानी उपलब्ध करवाने के साथ ही 300 मेगावाट बिजली उत्पादन करना है। वर्तमान में दक्षिण बस्तर में सिंचाई सुविधा की सबसे अधिक कमी है, इसके कारण यहां के किसान बहुत ही कम रकबे में ग्रीष्मकालीन फसल का उत्पादन करते हैं।

### प्रपात के नीचे इन्द्रावती केपानी का उपयोग नहीं

बस्तर की प्राणदायिनी इन्द्रावती नदी की पानी का उपयोग वर्तमान में चित्रकोट जलप्रपात के उपर के हिस्से में ही किया जा रहा है, जबकि जलप्रपात के नीचे कहीं पर भी उपयोग नहीं किया जा रहा है। प्रस्तावित बोधघाट परियोजना के बनने से बस्तर की यह सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना होगी। हालांकि साढ़े चार दशक बाद भी राज्य सरकार बोधघाट परियोजना को लेकर प्रभावित क्षेत्र के लोगों का दिल नहीं जीत पा रही है।

# टोल फ्री की मांग पर टोल प्लाजा में धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर और ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने सीजी 17 की समस्त गाड़ियों का टोल टैक्स निःशुल्क करने व नियम विरुद्ध बनाए जा रहे नए टोल प्लाजा को लेकर बढ़ईगुड़ा घाटलोहंगा टोल प्लाजा की नाकाबंदी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बताया कि धमतरी से जगदलपुर के बीच की दुरी 272 कि.मी हैं। इस दरम्यान बढ़ईगुडा, मसोरा,चारामा के आगे जगतरा फिर धमतरी टोल नाका संचालित हो रहा हैं। पप्पु ढाबा के आस-पास नया टोल नाका बनाया जा रहा हैं जो कि बिल्कुल नियम विरुद्ध है। भाजपा के जनप्रतिनिधियो को अन्य शहरों के तर्ज पर यहां की सीजी 17 गाड़ियों को भी टोल टैक्स निःशुल्क करने हेतु पहल करना चाहिए। आज पर्यंत तक बन रहे नए टोल प्लाजा का किसी भी भाजपा के नेता मंत्रियों ने संज्ञान में नहीं लिया न ही कोई पहल की है । जो कि साफ दर्शाता है कि भाजपा सरकार सिर्फ जनता को लूटने के अलावा कोई कार्य नहीं करती है । ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने कहा टोल टैक्स का शुल्क तो लिया जा रहा है परन्तु रायपुर तक कई जगहों पर सड़क खराब है। एनएचआई के अनुरूप टोल शुल्क लेने के बाद जो सुविधायें जैसे एम्बुलेन्स व अन्य सुविधाएं मिलनी चाहिए वो अप्राप्त हैं। आज बढ़ईगुड़ा घाटलोहंगा पर पड़ने वाले टोल प्लाजा की नाकाबंदी करते हुए धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया । इस दौरान शेष पेज 12 पर

- बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन



# एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, स्वास्थ्य सुविधा बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारी 10 सूत्रीय मांगों (नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27 फीसदी वेतनवृद्धि सहित) को लेकर 6 वें दिन में भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। एनएचएम कर्मचारियों के आंदोलन से स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने से स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने कहा कि शनिवार को शहर के कृषि उपज मंडी के पुराना परिसर में धरना कर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने कई बार मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी जायज मांगें रखीं, लेकिन लगातार अनदेखी की गई। यहां तक कि 27 फीसदी वेतनवृद्धि, मेडिकल अवकाश और ग्रेड पे पर स्वीकृति मिलने के बावजूद आदेश जारी नहीं किए गए, जिससे नाराज कर्मचारी अब हड़ताल पर हैं। सुदूर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के कई अस्पतालों में अव्यवस्था बढ़ गई है और कई अस्पताल पूरा बंद होने की कगार पर हैं। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आगे आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। हड़ताल से ग्रामीण अस्पताल पर लटके ताले, मरीजों को दवाइयां उपलब्ध नहीं, नवजात शिशु वार्ड (एनआरसी) शेष पेज 12 पर

- 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल 6 वें दिन भी जारी



# देवी की फोटो को नीचे रखने पर ली आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम ने मीडिया को जारी बयान में बताया है कि 22 अगस्त को फेडरेशन के आह्वान पर प्रदेश के कर्मचारियों ने पूरे प्रदेश में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया था। धरना प्रदर्शन के दौरान देखने में आया है वक्ताओं के लिए लगाए गए डायस के नीचे विद्या की देवी माता सरस्वती की फोटो लगाई गई थी। राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष और फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा जब मंच पर पहुंचे तब माता सरस्वती की फोटो लगभग उनके पैरों के पास शेष पेज 12 पर

# सिख समाज ने प्रकाश पर्व पर निकाली जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व सिख समाज धूमधाम से मना रहा है। गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर पर नगर के गुरुद्वारा में 22 अगस्त से श्री अखंड पाठ शुरू किया गया है, जो 24 अगस्त तक होगा। श्री गुरु सिंघ सभा जगदलपुर द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व पर पहली बार नगर जुलूस का आयोजन किया गया। जो गुरुद्वारा मोती तालाबपारा से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए शांति नगर स्थित गुरुद्वारा में समाप्त हुआ। जिसमें सिख समाज के लोगों ने सिख गुरुओं के द्वारा समाज उत्थान में किए गए कार्यों को भजन गाकर जुलूस निकाला। श्री गुरु सिंह सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरु ग्रंथ साहिब प्रकाश पर्व, जिसे प्रकाश उत्सव भी कहा



जाता है, सिख धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व गुरु ग्रंथ साहिब के पहले प्रकाश (स्थापना) की याद में मनाया जाता है। 1604 में सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव ने अमृतसर के हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में पहली बार गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया था। गुरु ग्रंथ साहिब जी को सिखों का पवित्र धार्मिक ग्रंथ माना जाता है और इसे दस गुरुओं की ज्योति के रूप में पूजा जाता है।

दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह किया गया

# निर्धारित लक्ष्य पर कड़ी मेहनत से मिलती है सफलता : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आज शासकीय दंतेश्वरी पी जी महिला महाविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर नवप्रवेशित छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह एवं इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे थे। विशिष्ट अतिथि खेमसिंह देवांगन, सभापति नगर निगम एवं कलावती कसेर, पार्षद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने की।

नवप्रवेशित छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। शुरूआत मां सरस्वती के चलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। प्राचार्य ने महाविद्यालय के स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक की स्थिति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है, इसे विस्तार से समझें और इसका लाभ उठाएं। इसके बाद मुख्य अतिथि ने कहा कि जीवन का अपना एक लक्ष्य तय करें और इसे पाने के लिए कठिन परिश्रम के साथ समर्पित रहें। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. योगेन्द्र मोतीवाला, डॉ. रंजना नाथ, सहायक प्राध्यापक भुवनेश्वर कुमार, डॉ. श्यामाचरण, डॉ. प्रिंसी दुग्गा ने जानकारी प्रदान की। लाइब्रेरियन जयश्री मंडल देबनाथ ने भी जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय में होने वाले खेलकूद के बारे में क्रीड़ाधिकारी सत्यनारायण सोनंत ने जानकारी दी। महाविद्यालय में संचालित यूथ रेड क्रॉस एवं रेड रिबन क्लब के बारे में नोडल अधिकारी डॉ. गुलाब चंद साहू ने विस्तार से बताया। संचालन बबीता दीवान ने किया ।



# राशन दुकानों में अगस्त माह का एपीएल चावल का आवंटन नहीं, कार्डधारियों को ही रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिले में माह अगस्त का एपीएल चावंल अभी तक राशन दुकानदारों को आबंटित नहीं हुआ है। एपीएल वर्ग के कार्डधारक प्रतिदिन राशन दुकान आते है और बेरंग लौट जाते है। राशन दुकानों में माहभर में अनेक ऐसे अवसर आया जब कार्डधारक चावंल लेने बार-बार राशन दुकान से बैरंग लौटने से दुकानदार के साथ हुज्जत की स्थिति आई। इस पूरे मामले में हरिभूमि वास्तविकता से रूबरू होने ग्राउंड जीरो में पड़ताल की।

अनेक कार्डधारकों ने राशन दुकानदारों के विरुद्ध इस माह का चांवल नही देने की शिकायत की। जब दुकानों का पड़ताल किया गया तो अधिकांश राशन दुकानदार का कहना है कि उन्हें इस माह का एपीएल चांवल आबंटित नही हुआ है। उपभोक्ताओं के इस अगस्त माह का एपीएल चावंल खाद्य विभाग से आबंटित नही होने पर ही हम चांवल वितरण नही कर पा रहे है। जब सरकार चांवल आबंटित नही किया तो हम कहां से पूर्ति करेंगे। इसकी जानकारी खाद्य विभाग से ली गई,तो चोंकाने वाला खुलासा हुआ कि जिले के राशन दुकानों ने शासन से आबंटित एल वन ई-पास मशीन से चांवल वितरण का विकल्प नही खुलने से जिले सभी 460 राशन दुकानों में अगस्त माह का एपीएल चांवल का आबंटन और वितरण नही हो पाया। इस सबंध में राशन विक्रेता संघ का प्रतिनिधि मंडल पिछले दिनों एपीएल चांवल वितरण नही होने को लेकर मांगपत्र सौप तत्काल आबंटन करने की मांग की शेष पेज 12 पर

### विकल्प नहीं खुल रहा

एल वन मशीन से चावल वितरण का विकल्प नहीं खुल रहा माह अगस्त का एपीएल चांवल राशन दुकानदारों के पास उपलब्ध एल वन मशीन से वितरण का विकल्प नही खुलने से चांवल का वितरण नही हो पाया है। **-घनश्याम राठौर,** खाद्य नियंत्रक बस्तर

## खबर संक्षेप



### पोला तिहार पर अंचल में रहा उत्सवी माहौल

फरसगांव। क्षेत्र में शनिवार को पारंपरिक पर्व पोला तिहार धूमधाम से मनाया गया है। गांव से लेकर शहर तक हर जगह उत्साह का माहौल देखने को मिला। यह पर्व किसानों और बैलों को समर्पित होता है। इस दिन किसान कृषि कार्य से विराम लेकर अपने बैलों को नहलाते, सजाते और उनकी पूजा करते हैं। घरों में बच्चे मिट्टी, लकड़ी और पीतल से बने बैलों की पूजा करते हैं और उनसे खेलते भी हैं। वहीं घरों में पारंपरिक व्यंजन ठेठरी, खुरमी और अईरसा बनाने की परंपरा भी निभाई गई। पोला पर्व न सिर्फ धार्मिक आस्था से जुड़ा है बल्कि यह किसानों और बैलों के बीच अटूट संबंध का प्रतीक भी है। इस दिन गांव-गांव में हर्षोल्लास का वातावरण रहा और लोग परंपराओं को निभाते हुए इस त्यौहार को मना रहे हैं।

### शिक्षिका की पुण्यतिथि में जनपद स्कूल में न्योता भोज



फरसगांव। निवासी शिक्षिका स्व सुखबीर कौर के 5 वीं पुण्यतिथि पर उनके परिजनों ने 23 अगस्त शनिवार को उन्हीं के पढ़ाए गए स्कूल जनपद प्राथमिक शाला में बच्चों को न्योता भोज कराया। स्व. शिक्षिका सुखबीर कौर लंबे समय से फरसगांव नगर में जनपद प्राथमिक स्कूल में पदस्थ थी, जो नगर भर में बड़ी बहन जी के नाम से जानी जाती थी। वह इसी स्कूल से ही सेवानिवृत हुए, उन्हें अपने स्कूल से बहुत लगाव था। वही उनके पुण्यतिथि के पर उनके परिजनों के द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन कर सभी को स्वादिस्ट भोजन करवाया गया। इस दौरान उनके परिजन, स्कूल के शिक्षक, बच्चे और मित्रगण उपस्थित रहे.

### इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को मिली सब्सिडी की राशि

कोण्डागांव। कोंडागांव जिले में इलेट्रिरक वाहन खरीदने वाले मालिकों को राज्य सरकार के निर्देश पर सब्सिडी की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी गई है। यह राशि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से भेजी गई है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इलेट्रिरक वाहनों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए एक नई नीति लागू की है, जिसके तहत वाहन के मूल्य का 10: सब्सिडी के रूप में दिया जाता है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि अब तक जिले के कुल 84 इलेट्रिरक वाहन मालिकों को ₹8 लाख 12 हजार 758 की सब्सिडी दी जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन वाहन मालिकों को अभी तक सब्सिडी की राशि नहीं मिली है, वे कोंडागांव के जिला परिवहन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## विधायक लता उसेंडी ने छत्तीसगढ़ राज्य की 25वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं

# रजत महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव में आयोजित विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में विधायक सुश्री लता उसेंडी ने राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी और कहा कि छत्तीसगढ़ ने विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित कर हम एक सशक्त राज्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि रजत जयंती पर अपने घरों में पांच दीये जलाकर उत्सव मनाएं। जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, जनपद अध्यक्ष अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी रजत जयंती पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पारंपरिक व्यंजन, सामूहिक नृत्य, मेहंदी, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। रंगोली में शासन की योजनाओं को दर्शाती कलाकृतियां आकर्षण का केंद्र रहीं।



### विजेताओं और कलाकारों का सम्मान

जगार गीत की मनमोहक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों और प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को विधायक लता उसेंडी एवं अतिथियों ने सम्मानित किया।

## कोंडागांव में हुआ छत्तीसगढ़ का रजत महोत्सव का शुभारंभ

- कलेक्टर नूपुर पन्ना के नेतृत्व में जिले में हो रहे हैं विविध कार्यक्रम
- महिला एवं बाल विकास विभाग ने चलाए जागरूकता अभियान, अब स्कूल शिक्षा विभाग की बारी

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, वर्ष 2025–26 को पूरे प्रदेश में रजत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई के नेतृत्व में, कोंडागांव जिले में सभी विभागों द्वारा दो चरणों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के पहले चरण में, महिला एवं बाल विकास विभाग ने 15 से 20 अगस्त 2025 तक जिले के विभिन्न स्कूलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें स्वास्थ्य और पोषण, बालिका सुरक्षा, रंगोली, वाद–विवाद, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, सोशल मीडिया की सावधानियां, और गुड टच–बैड टच जैसे विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम शामिल रहे।




### स्कूल शिक्षा विभाग की आगामी गतिविधियां

समग्र शिक्षा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग 28 अगस्त से 7 सितंबर तक कई कार्यक्रम आयोजित करेगा। ये गतिविधियाँ इस प्रकार हैं: 28 अगस्तः पुस्तक वाचन दिवस, जिसमें सामूहिक पुस्तक वाचन किया जाएगा। 29 अगस्त एलुमिनाई मीट, जिसमें वर्ष 2000 के बाद के पूर्व छात्रों को स्कूल में आमंत्रित कर अनुभव साझा किए जाएंगे। 30 अगस्त बाल पंचायत, जिसमें वाद–विवाद, क्विज और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं होंगी। 1 से 7 सितंबरः स्कूलों में एआई साक्षरता सप्ताह का आयोजन। 2 सितंबर सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों में प्रदर्शनी का आयोजन। 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर सभी स्कूलों और जिला स्तर पर शिक्षक सम्मान समारोह। 28 अगस्त से 4 सितंबर जिले के हायर सेकेंडरी स्कूलों में बौद्धिक संपदा अधिकार और नवाचार पर व्याख्यान। इन कार्यक्रमों की तैयारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान और जिला मिशन समन्वयक ईमल बघेल सभी अधिकारियों को निर्देश दे रहे हैं, ताकि कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

## अड़ेगा स्कूल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में बच्चों को किया जागरूकता

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अंतर्गत अड़ेगा स्थित शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, आत्मरक्षा, बाल अधिकार, पॉक्सो एक्ट और गुड टच–बैड टच जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।वाद–विवाद, नाटक और नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कर छात्र–छात्राओं में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में अड़ेगा सरपंच, उपसरपंच, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी प्र. श्रीमती ज्ञाना मंडावी, पर्यवेक्षक सरोज बाला नेताम, कमितला मंडावी, सखी वन स्टॉप सेंटर से स्वीटी दास, मिशन शक्ति से माधुरी उसेण्डी, मिशन वात्सल्य से जयदीप नाथ और सामाजिक कार्यकर्ता बरातीन पोयाम सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।




### कलेक्टर के निर्देशन में हो रहे कार्यक्रम

जिलेभर में 15 से 29 अगस्त तक कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश और जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।




## भगवान सत्य साईं के 100वें जन्मवर्ष पर किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भगवान सत्य साईं के 100वें जन्मवर्ष के अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बड़ेपारा, सोनाबाल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाला के छात्र–छात्रओं ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में शिव मंदिर परिसर में आम, जामुन, काजू, आंवला, अमरूद के 36 पौधे तथा विभिन्न घरों में कुल 501 पौधे लगाए। बच्चों ने इन पौधों की देखभाल करने का शपथ भी लिया। पौधे उपलब्ध कराने में संगठनों का सहयोग – सत्य साईं सेवा संगठन जिला कोंडागांव एवं दक्षिण वन मंडल कोंडागांव द्वारा पौधे उपलब्ध कराए गए। इको क्लब से पर्यावरण जागरूकता – शाला के बच्चे इको क्लब के माध्यम से समय–समय पर पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेते रहते हैं।



### जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों की मौजूदगी

कार्यक्रम में सरपंच शंभू नाथ सोड़ी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनेश्वर ठाकुर, सत्य साईं सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. धनराज कुलदीप उपस्थित रहे। शिक्षकगण पुरूषोत्तम दीक्षित, सुरेश चंद्रवंशी, श्वेता साहू, हेमदत्तेश्वर पटेल, जगत राम सोरी, रसुराम नाग एवं संगठन से विजय देवांगन, श्रीमती यशोदा साहू, करन साहू, गोकुल सेठिया, लकी सेठिया, सजन सेठिया का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## रात के अंधेरे में जुआ खेलते 4 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

- मुखबिर की सूचना पर की कार्रवाई, 1360 रुपए और जुआ सामग्री जब्त

पुलिस थाना केशकाल क्षेत्र में जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 1360 रुपए नकद सहित जुआ खेलने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री भी जब्त की गई है।

पुलिस को 22 अगस्त की मध्य रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिंघनपुर के बंधापारा कैंप के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही, वरिष्ठ अधिकारियों - पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार, अति पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अरुण नेताम के दिशा-निर्देशन में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने एक पुलिस टीम का गठन किया। उप निरीक्षक अखिलेश धीवर के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। पुलिस ने देखा कि कुछ लोग चटाई बिछाकर और एक चार्ज वाले एलईडी बल्ब की रोशनी में ताश के पत्तों से पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों 1. छन्नू कोमरे (32), पिता अशोक कोमरे, निवासी बोरगांव, केशकाल, 2. सागर मरकाम (33), पिता स्व. छोटू राम मरकाम, निवासी बड़पारा, 3. रूपेश विश्वकर्मा (31), पिता स्वर्गीय शिवराम विश्वकर्मा, निवासी सिंघनपुर, 4. सतारू राम नेताम (28), पिता चेमटू राम नेताम, निवासी चारभाटा को मौके पर ही धर दबोचा।



आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में केशकाल पुलिस थाना के अधिकारियों और कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा। पुलिस द्वारा मौके से कुल 1,360/- (एक हजार तीन सौ साठ) रुपये नकद जब्त किए गए। इसके अलावा, जुआ खेलने के लिए इस्तेमाल की जा रही 52 पत्ती ताश, एक चार्ज वाला एलईडी बल्ब और चटाई भी पुलिस ने अपने कब्जे में ली। यह सभी सामान जुआ अधिनियम के तहत पुलिस कार्रवाई का हिस्सा हैं।

## बंधापारा कैंप में पांच जुआरी गिरफ्तार, 1360 रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम सिंघनपुर बंधापारा कैंप के पास पेड़ के नीचे चार्ज वाला एलईडी बल्ब लगाकर कुछ लोग मध्यरात्रि में 52 पत्ती ताश से रूपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 4 आरोपियों को पकड़ लिया। मौके से 1360 रुपये नगद, 52 पत्ती ताश, एलईडी बल्ब और चटाई जब्त की गई। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल एवं एसडीओपी अरुण नेताम के निर्देशन पर थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अखिलेश धीवर व टीम ने कार्रवाई की। छन्नू कोमरे 32 वर्ष निवासी बोरगांव, सागर मरकाम 33 वर्ष निवासी बड़पारा, रुपेश विश्वकर्मा 31 वर्ष निवासी सिंघनपुर, सतारू राम नेताम 28 वर्ष निवासी चारभाटा, जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम की इस कार्रवाई की सराहना की गई।

## सहायक आयुक्त ने पीपरा कन्या शिक्षा परिसर का किया निरीक्षण

फरसगांव। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा कोण्डागांव कृपेन्द्र तिवारी के द्वारा शनिवार को केशकाल क्षेत्र के छात्रावास शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पीपरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । अधीक्षिका श्रीमती ममता गावड़े द्वारा छात्रावास का एवं दस्तावेजों का अवलोकन कराया गया। इस दौरान सहायक आयुक्त ने अधीक्षिका के कार्यो की सराहना की गई। छात्रावास निरीक्षण पश्चात विद्यालय के प्राचार्य दिनेश साहू से जानकारी ली गई। साथ ही कक्षाओं का भी अवलोकन किया गया। कुछ प्रश्न भी पूछा गया और अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने का सुझाव दिया गया। इस दौरान मण्डल संयोजक तोरण वर्मा, पीपरा सरपंच गोपेन्द मरकाम एवं अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के संजय पोया द्वारा विद्यालय का शेष कार्यो को अविलंब पूरा कराने की मांग की गई। अधिकारी द्वारा शीघ्र ही शेष कार्यो को पूरा कराने का आश्वासन दिया गया।



# चलित थाने में दी कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थाना माकड़ी पुलिस ने डीएवी एमएमपीएस स्कूल बेलगांव में चलित थाना आयोजित कर छात्रें और शिक्षकों को नए आपराधिक कानून, महिला अपराध, यातायात नियम, सायबर अपराध व नशामुक्ति संबंधी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में यह जागरूकता कार्यक्रम संचालित हुआ। थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल ने नए आपराधिक कानूनों, सायबर अपराधों से बचाव के उपाय, महिला एवं बच्चों से जुड़े अपराधों की रोकथाम तथा यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। नशामुक्त समाज का संदेश छात्रें व शिक्षकों को नशीले पदार्थोंर् के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया गया। शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे और छात्रें को जागरूक करने में सहयोग प्रदान किया।



## बस्तर की समृद्ध संस्कृति को सहेजने की वकालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बस्तर संवाद इतिहास, संस्कृति और बदलाव पर हुई परिचर्चा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत महोत्सव के तहत शनिवार को लालबाग स्थित शौर्य भवन के सभागार में जिला प्रशासन द्वारा बस्तर संवाद- इतिहास, संस्कृति और बदलाव विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। उक्त परिचर्चा में विधायक किरण देव, महापौर संजय पाण्डे, नगर पालिक निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन सहित आईजी बस्तर सुंदरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन और विश्विद्यालय एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापक, साहित्य, कला एवं पर्यटन से जुड़े विशिष्टजन शामिल हुए। इस मौके पर वक्ताओं ने बस्तर की समृद्ध संस्कृति को सहेजकर रखने सहित बदलते परिदृश्य में विकास के नए आयाम स्थापित करने पर बल दिया।

परिचर्चा में मुख्य अतिथि की आसंदी से किरण देव ने कहा कि अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य और अकूत खनिज संपदा सहित प्रचुर वनोपज से परिपूर्ण बस्तर में बीते 25 सालों में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में बस्तर से माओवाद की समस्या अब समूल खात्मे की स्थिति में है और हमारा बस्तर वर्तमान में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास सहित शान्ति और खुशहाली की ओर अग्रसर है। निकट भविष्य में यह अवश्यम्भावी है कि हम सभी के समन्वित प्रयास से बस्तर में बदलाव की नई बयार बहेगी। उन्होंने कहा कि बस्तर की संस्कृति और रहन-सहन अनूठी है। यहां हर 20 किलोमीटर में परिधान के साथ ही भाषा बोली भी बदल जाती है। विधायक ने अपने युवावस्था का जिक्र करते हुए बताया कि एक क्रिकेटर के तौर पर रात को दो बजे बीजापुर की यात्रा मोटर सायकल से कर चुके हैं। इस बीच माओवादी गतिविधियां बढ़ने के कारण रात्रिकालीन यात्रा संबंधी गतिविधियों को विराम देना पड़ा, किन्तु अब नक्सल गतिविधियां खत्म हो रही हैं और निश्चित तौर पर बस्तर में शांति स्थापना हो रही है। इससे बस्तर की सांस्कृतिक गतिविधियां भी तेज हो रही हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर को प्रकृति का अनुपम वरदान है। रामायण में दंडकारण्य के नाम से उल्लेखित इस भूमि में कांटे नहीं चुभते, जिसके कारण लोग नंगे पांव मीलों सफर कर लेते हैं। बस्तर की सुन्दरता का वर्णन करना आसान कार्य नहीं है। बस्तर की नैसर्गिक सुन्दरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यूनेस्को द्वारा किए गए सर्वेक्षण में बस्तर के धुड़मारास को पर्यटन की दृष्टि से विश्व के 20 सर्वश्रेष्ठ गांवों में स्थान मिला है। महापौर संजय पांडे ने बस्तर के पौराणिक इतिहास का उल्लेख किया और कहा कि इस क्षेत्र का उल्लेख रामायण और महाभारत में भी मिलता है।



## न्यायपालिका और पुलिस के बीच समन्वय बैठक, 13 सितंबर को होगा आयोजन

# नेशनल लोक अदालत की तैयारीः थाना प्रभारियों को जल्द केस निपटाने के निर्देश

**आबकारी, ट्रैफिक और सामान्य अपराधों पर होगा विशेष जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आगामी नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज कोंडागांव जिले के सभी थाना प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवप्रकाश त्रिपाठी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री गायत्री साय की अध्यक्षता में हुई। इसका मुख्य उद्देश्य 13 सितंबर 2025 को होने वाली लोक अदालत को प्रभावी बनाना, लंबित मामलों को जल्द निपटाने की रणनीति बनाना और न्यायपालिका व पुलिस विभाग के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना था। न्यायिक अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे सुलह योग्य मामलों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता से निपटाएं ताकि पक्षकारों को तुरंत न्याय मिल सके। उन्होंने लंबित मामलों की सूची तैयार कर न्यायालय के साथ समन्वय करने को भी कहा। विशेष रूप से, आबकारी अपराधों, ट्रैफिक चालान और सामान्य अपराधों का अधिक से अधिक निपटारा करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही, प्री–लिटिगेशन मामलों को भी अपने स्तर पर तामील कराने के निर्देश दिए गए।



## पेज 11 के शेष

### आंध्र की पोलावरम ....

परियोजना के रूप में परिवर्तित किया गया था और निर्माण शुरू करने तैयारी की जा रही थी, लेकिन प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने राजनीतिक दलों के साथ मिलकर विरोध शुरू कर दिया था। इसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनआक्रोश को देखते हुए बस्तर में एक सभा में घोषणा कर दिया कि जब तक बस्तरवासी सहमत नहीं होंगे, तब तक बोधघाट परियोजना शुरू नहीं होगा। वहीं बस्तर के जनप्रतिनिधियों ने इसे सहमति नहीं दी, जिसके कारण बोधघाट परियोजना ठंडे बस्तर में चला गया था, अब साय सरकार ने फिर से बोधघाट परियोजना को शुरू करने की घोषणा तो कर दी है पर अब तक इस दिशा में कोई कदम उठाया नहीं गया है।

### टोल फ्री की मांग ....

पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व विधायक चंदन कश्यप, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, उमाशंकर शुक्ला,उपनेता कोमल सेना, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव,संतोष सेठिया, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन,सुषमा सुता,सुभाष गुलाटी,सेमीयल नाथ, सूरज कश्यप, जावेद खान,अल्पसंख्यक अध्यक्ष रोजविन दास, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी आदि मौजूद रहे।

### हितग्राहियों को बांटे ....

जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री पूर्णिमा तेलंम, जंप उपाध्यक्ष तिरुपति पुनेम, जिला पंचायत सदस्य शंकरिया मांडवी व अन्य जनपद सदस्य एवं सरपंचों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### देवी की फोटो ...

दिखाई दे रही है जो एक मानवीय भूल हो सकती है, किंतु अक्षम्य है। इसके लिए वर्मा को सार्वजनिक मंच से माफ़ी माँगनी चाहिए। गौतम ने कहा मैं उनके इस कृत्य के लिए निंदा करता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि वर्मा इन छोटी-छोटी बातों को जो क्षमा योग्य नहीं है इस पर जरूर ध्यान देंगे।

### एनएचएम कर्मचारी ....

बंद सहित पोषण आहार केंद्र बंद पड़े हैं, शुगर, ब्लड टेस्ट, ट्रूनाट, सीबीनाट से बलगम टेस्ट और नेत्र जांच बाधित, स्कूल व आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण पूरी तरह ठप हो गई। साथ ही नियमित टीकाकरण बंद होने से टीबी, मलेरिया, कुष्ठ जैसी बीमारियों के मरीजों को दवाइयां नहीं मिल रही हैं।

### राशन दुकानों में ....

थी। ऐसी स्थिति में इस माह का एपीएल चावल उपभोक्ताओं को आज दिनांक तक आबंटित नहीं हुआ है। शहर के समस्त एपीएल कार्डधारी का राशन दुकान पर आकर कारण जानने के बाद बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली।

# उपभोक्ता घर बैठे जागृति पोर्टल से दर्ज कर सकते हैं शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर के निदेर्शानुसार गुरूवार को जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर द्वारा ग्राम बकावंड में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल द्वारा उपभोक्ता कानून की जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान कर ई हियरिंग एवं ई-फाइलिंग के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि अब आमजन को उपभोक्ता कानून का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करना पड़ेगी। उपभोक्ता घर बैठे ही जागृति पोर्टल द्वारा मोबाइल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्पाद और सेवाओं से जुड़ा प्रत्येक मुद्दा जिसमें उपभोक्ता को किसी परेशानी का सामना करना पड़ता है वह उपभोक्ता कानून के अंतर्गत आता है। ऐसी स्थिति में आम उपभोक्ता बीमा, फसल बीमा, बैंकिंग सुविधा, कोचिंग संस्थान एवं निर्माण कार्य एजेंसियों के विरुद्ध आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित बकावंड एसडीएम मनोज वर्मा ने उपभोक्ता कानून पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ पारेश्वर कुर्रे ने भी उपभोक्ता कानून और ई फायलिंग के संबंध में उपस्थित जनों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। संपन्न कार्यक्रम में जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा सहित जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनबारी भद्रे, उपाध्यक्ष तरुण पांडे, सरपंच संघ के अध्यक्ष हिमाधर बघेल, सचिव रमेश ठाकुर, बकावंड थाना प्रभारी डोमेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार सुनील कुमार ध्रुव, ग्रामीण जन तथा जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी अनंत वैद्य, भारत भूषण टंडन, सुधीर गुप्ता, अभिषेक तिवारी, संतोष देवांगन एवं नरपत नाग आदि शामिल रहे।

■ आयोग का बकावंड में हुआ उपभोक्ता जागरुकता शिविर



## खबर संक्षेप

### विधायक कार्यालय में जनता की समस्याओं का हुआ निराकरण



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधायक कार्यालय नयापारा में आज विधानसभा क्षेत्र की जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। समस्याओं का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने भी मुलाकात कर अपनी बात रखी। सडक निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल,राजस्व संबंधी प्रकरण, विद्युत संबंधित व अन्य समस्याओं से विधायक अवगत हुए।

### कांग्रेसी नेताओं ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को दिया समर्थन

**बीजापुर।** प्रदेश सचिव दुर्गेश राय सहित कांग्रेस के नेता जिले के एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी को समर्थन देने पहुंचे। दुर्गेश राय ने कहा कि स्वास्थ विभाग के लगभग 300 एनएचएम अधिकारी-कर्मचारी अनिश्चित हड़ताल पर है, लेकिन सरकार इनकी मांगों को पूर्ण करने में असफल है। पूरे सुकमा जिला में स्वास्थ सेवा ठप है। आम जनता परेशान है एवं जिला हॉस्पिटल में ओपीडी भी बन्द पड़ा है। एनएचएम कर्मचारी-हड़ताल पर जाने से पूरे अंदरूनी क्षेत्र के स्वास्थ सेवा पूरी तरह से ठप पड़ी है।

### अंडर-14 का ट्रायल आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14, 50-50 ओवर प्रतियोगिता बस्तर जिला क्रिकेट संघ द्वारा बस्तर जिले के टीम के लिये ट्रायल 24 अगस्त को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस क्रिकेट स्टेडियम कालीपुर में प्रातः 9 बजे से लिया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी सफेद पोशाक एवं स्वयं के किट के साथ आएंगे। अंडर-14 ट्रायल में वही खिलाडी भाग ले सकते है जिनका जन्म 1 सितम्बर 2011 से 31 अगस्त 2013 में होना चाहिये। चयनकर्ता प्रदीप गुहा, साहिद खान, रविन्द्र ठाकुर, विवेक राय, टोनी बारला होंगे तथा बस्तर जिला किक्रेट के कोच करणदीप सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

### नेतृत्व क्षमता तथा तार्किक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यार्थियों ने किया



**जगदलपुर।** केंद्रीय विद्यालय में आज युवा संसद का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपनी वक्तत्व कला, नेतृत्व क्षमता तथा तार्किक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने संसद के संचालन की शैली को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम का प्रबंधन अनामिका सिंह और प्रियंका यादव ने किया। प्राचार्य ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां जीवन में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व कौशल विकसित करती हैं। उन्होंने संदेश दिया कि वे अपनी प्रतिभा को इसी तरह प्रदर्शित करते रहें और हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए विद्यालय और समाज का नाम रोशन करें।

## एएसपी ने डीजे संचालकों की ली बैठक, दिए निर्देश

# ऊंची आवाज में डीजे बजाने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आगामी पर्वों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने के उद्देश्य से शनिवार को शहर के सभी डीजे संचालको की बैठक एसपी दफ्तर में आयोजित की गई।

■ न्यायालय के गाईड लाईन का करें पालन



बैठक में डीजे संचालकों को सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के गाईड लाईन की जानकारी देते हुए स्पष्ट निर्देश दिया गया कि पर्व के दौरान उंची आवाज में डीजे नही बजाये जायेंगे।

एएसपी महेश्वर नाग ने डीजे संचालकों से कहा कि पर्व को शातिंपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं तथा न्यायालय के दिशा निर्देशों का पालन करें। संचालकों को बताया गया कि निर्धारित समयावधी के बाद डीजे संचालन पूर्णता बंद रहेगा। इसके अलावा ध्वनि प्रदुषण नियंत्रण मानको का पालन करना सभी संचालको के लिए अनिवार्य होगा। उल्लघंन की स्थिति में संबंधित संचालको के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जावेगी। पर्व के दौरान आयोजनकर्ता व डीजे संचालक यह सुनिश्चित करें कि कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था भंग न हो। किसी भी प्रकार के विवाद या अनुशासनहीनता की स्थिति में जिम्मेदारी आयोजक व संचालकों की होगी। अत्यधिक लाउड स्पीकर लगाने या सड़कों पर डीजे गाड़ीया खडी कर भीड बढाने पर भी कार्यवाही की जायेगी।

इसके अलावा डीजे संचालक को स्थल पर डीजे बजाने से पूर्व प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बैठक में सभी डीजे संचालको ने पुलिस व प्रशासन को सहयोग देने एवं न्यायालय द्वारा निर्धारित सभी दिशा निर्देषों का पालन करने आश्वस्त किया। बैठक में एएसपी माहेश्वर नाग के अलावा सीएसपी सुमितकुमार, एसडीएम ऋषिकेष तिवारी व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# रंग-बिरंगे मिट्टी के बैल, नंदी और खिलौनों से दुकानें सजीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

खेती किसानी से जुड़ा छत्तीसगढ़ का पारंपरिक पर्व पोला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व किसानों के सबसे बड़े सहायक बैलों को समर्पित है। पर्व के अवसर पर शहर के संजय बाजार, गोल बाजार सहित अन्य स्थलों पर कुम्हारों से बच्चों के लिए मिट्टी के खिलौने खरीदते हुए लोग दिखाई दिए। सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अपने बैलों को स्नान कराकर उन्हें रंग, कपड़े, घंटियों और आभूषणों से सजाएं। इसके बाद विशेष पूजा अर्चना की जाएगी और बैलों को गुड़-चावल जैसे पकवान खिलाया। वहीं जिन परिवारों के पास बैल नहीं हैं, वे मिट्टी के बैलों की पूजा कर परंपरा निभाया। इस अवसर पर घर-घर में पारंपरिक व्यंजन जैसे चीला, ठेठरी, खुरमी, अनरसा, गुड़हा आदि बनाया। बच्चों के लिए मिट्टी के खिलौनों और बैलों से खेलने का खास आकर्षण रहा। पोला पर्व न केवल कृषि और पशुधन का सम्मान है, बल्कि यह बच्चों को संस्कृति और पर्यावरण से जोड़ने का भी संदेश देता है। ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरों में भी यह पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया।

## विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने शुक्रवार को शहर के नगर निगम कार्यालय से दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय तक के सी सी सडक निर्माण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सी सी सडक चौड़ीकरण निर्माण कार्य लागत 19 लाख के 530 मीटर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज,उप अभियंता प्रवीण पोयाम व अन्य उपस्थित थे।

# सांसद का एयरपोर्ट पर आत्मिय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर सांसद महेश कश्यप का शनिवार को मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में भाजपा कार्यकर्ताओं,जय झाड़ेश्वर समिति,जनता एवं समर्थकों ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर समिति ने सांसद महेश कश्यप का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे में आमंत्रण दिया है। साथ ही लगातार बस्तर के विकास और यहाँ के विषयों को संसद तक बस्तर सांसद प्रमुखता से रख रहे इस पर उपस्थित जनों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य बनवासी मौर्य, बनमाली नाग, रेनू बघेल,महादेव बाकड़े,जयाराम नाग,दुजेश देवांगन, खगेश पुजारी,रवि शंकर दास, अर्जुन सेठिया, गणेश काले, लखीधर बघेल, नीलम सेठिया,जुगल सेठिया, प्रकाश नायडू,संजय नाग,दिलीप बिसाई,नारायण ठाकुर, रामेश्वर बिसाई,लॉरेंस सिंग,घासी राम बिसाई,नीलांबर बघेल, तेनसिंह नेताम, निखिल बिसाई,प्यारे सेठिया, रघु सेठिया, लिंगे सेठिया, चरण सिंह, राधेश्याम पन्द्रे सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य,भाजपा कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी की पुण्यतिथि में रक्तदान महाअभियान

**जगदलपुर।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि 25 अगस्त, जिसे विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है, के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा भारत एवं नेपाल में एक विशाल रक्तदान महाअभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य रक्त की आवश्यकता की पूर्ति करना है। इस महाअभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ 17 अगस्त को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा द्वारा किया गया। राष्ट्रीय शुभारंभ के उपरांत भारत और नेपाल में रक्तदान शिविरों की शुरुआत की जाएगी। इसके अंतर्गत 22 से 25 अगस्त तक पूरे देश में 1500 ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्रों पर एक साथ विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होंगे।

# हैदराबाद में पहली बार दौड़ेंगे बस्तर के धावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के सहयोग से आयोजित हैदराबाद मैराथन-2025 में हिस्सा लेने बस्तर जिले की टीम आज रवाना हुई। जिला कलेक्टर हरीश एस. ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। यह मैराथन 23 और 24 अगस्त को हैदराबाद में आयोजित होगी,जिसमें देश-विदेश के धावक भाग लेंगे। प्रतियोगिता में 5 किमी,10 किमी, हाफ मैराथन 21 किमी और फुल मैराथन 42 किमी की श्रेणियाँ शामिल होंगी। कलेक्टर हरीश एस ने इस अवसर पर कहा कि बस्तर के युवा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मैराथन जैसे बड़े आयोजनों में उनकी भागीदारी गर्व की बात है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी ऋषिकेश तिवारी ने कहा कि बस्तर के खिलाड़ियों में अपार ऊर्जा और प्रतिबद्धता है। हमें विश्वास है कि यह टीम अपनी लगन और मेहनत से हैदराबाद मैराथन में बेहतर प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश का मान बढ़ाएगी। एनएमडीसी के वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक अनुज सिंह ने कहा कि एनएमडीसी सदैव खेलों को प्रोत्साहन देता रहा है। हमें विश्वास है कि बस्तर के खिलाड़ी इस मैराथन में शानदार प्रदर्शन करेंगे।बस्तर जिले से चयनित खिलाड़ी में डमरूधर निषाद, पाण्डु राम वट्टी, प्रकाश सेना, बोलमू राम पोयामी, सुखराम कश्यप, अनिल कुमार देहरी और शंभु कश्यप। इस दौरान एनएमडीसी के उप प्रबंधक गौरव मसीह,संभागीय खेल अधिकारी रविंद्र पटनायक,जिला खेल अधिकारी वेद प्रकाश सोनी,खेल अधिकारी सुनील पिल्लै, कोटेश्वर राव नायडू,चंद्रमोहन वर्मा, प्रदीप साहू, अविनाश माने, अभिजीत तिवारी सहित अन्य अधिकारी,व यायाम अनुदेशक और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

### 266 ग्रापं में ओएफसी जुड़ने के साथ इंटरनेट की सुविधा

जगदलपुर। भारत सरकार द्वारा ग्रापं में ऑप्टिक फाइबर के माध्यम से हाई स्पीड इंटरनेट देने का प्रावधान है। बीएसएनएल द्वारा बस्तर में इस परियोजना का उपयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के अतिरिक्त समीप में स्थित संस्थानों, ग्राहकों को भी इंटरनेट की सेवा दी गई है। बीएसएनएल द्वारा वर्तमान में बस्तर संभाग के 266 ग्राम पंचायतों में ओएफसी जुड़ने के साथ इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है और स्थानीय आवश्यकतानुसार इसके माध्यम से 939 कनेक्शन कार्यरत हैं।

# सशक्त पंचायत बनाने में सरपंच की अहम भूमिका : देव



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र के आड़ावाल के सामुदायिक भवन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने नवनियुक्त सरपंच संघ के पदाधिकारियों से भेंटकर संघ विस्तार से चर्चा की । उन्होंने उनकी समस्या सुनकर समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में किरण देव ने सभी नव नियुक्त सरपंच संघ के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। संरपंच को अपने अपने पंचायत क्षेत्रों में जनता के मांग के अनुरूप क्षेत्र का विकास करने को कहा। उन्होंने कहा सभी के सहयोग से अपने क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने का कार्य करना है। सशक्त पंचायत बनाने में सरपंच की अहम भूमिका होती है। अपने अपने पंचायत की जनता के मांग के अनुरूप मूलभूत सुविधाओं के लिए राशि की कमी नहीं होगी। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य लगातार हो रहे हैं। विकास अनवरत जारी रहेगा। किरण देव ने कहा बिना भेदभाव के सभी पंचायतों में विकास कार्य किया जायेगा। आप अपने अपने क्षेत्रों के जनता के मांग के अनुरूप प्रस्ताव दें। उस प्रस्ताव के अनुरूप कार्य किया जायेगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, हरिराम मंडावी,सरपंच संघ के अध्यक्ष रैदू नाग , सचिव मानसाय, सुब्रतों विश्वास, राजेश शर्मा, सीमांचल दास, गणेश नागवंशी, हेमंत पोयाम,जंयती कश्यप, जितेन्द्र बाकड़ा, महादेव बाकड़े, महेन्द्र नाग, एवं संरपंच गण उपस्थित थे।

# अधिवक्ता महिलाओं ने हर्षोल्लास से मनाया तीज, हरियाली व सावन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के कोर्ट परिसर में शनिवार को जिला अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष श्रीमती हेलिना गिरीधरन की ओर से अधिवक्ता महिलाओं ने तीज, हरियाली एवं सावन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न स्पर्धाओं का किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं की प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया, सावन के गीतों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया।



## खबर संक्षेप

### विजेता खिलाड़ियों को दी जाएगी प्रोत्साहन राशि

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में खेलों के सुदृढ वातावरण निर्मित करने खिलाड़ियों के राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी हेतु वित्तीय सहायता, उच्च गुणवत्ता युक्त खेल उपकरण की सुविधा, पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदाय करने के उद्देश्य से खेल नीति का निर्माण किया गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशनुसार खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 5000, 4000 एवं 3000 रुपये राष्ट्रीय स्तर पर 10,000, 8000, एवं 6000, रुपये इसी प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 20,000, 15000, एवं 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र जिला प्रशासन द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया जावेगा।

### रजत जयंती माह में नशा मुक्ति के लिए शपथ



**बीजापुर।** रजत जयंती माह अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा अलग अलग गतिविधियों का संचालन कर रजत जयंती मनाया जा रहा है इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा स्कूल आश्रमों तथा शैक्षणिक संस्थानों में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभाव को व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कर भावी पीढ़ी को नशे से मुक्त रखने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दे रहे है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक कमलेश्वर पटेल ने बताया कि कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान एवं रजत जयंती माह के अंतर्गत सभी स्कूलों में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। वहीं कन्या आश्रम उसूर एवं बालक आश्रम मारुड़बाका में बच्चों को नशे से दूर रहने का शपथ दिलाकर अपने परिवार और समाज को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देने और नशामुक्त समाज बनाने के लिए प्रेरित करने को कहा गया।

### विद्यालय में दी जा रही गुड टच बेड टच की जानकारी



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रजत जयंती माह अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, इस दौरान शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग से समन्वय कर जिले के समस्त विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों एवं किशोरों में उनके अधिकारों, सुरक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, बाल विवाह उन्मूलन, नशा मुक्ति, बाल संरक्षण, महिला संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाने हेतु डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, मांझीगुड़ा, जिला-बीजापुर में खेल गतिविधि का आयोजन कर बच्चों के सामाजिक, मानसिक एवं नैतिक विकास पर बालिका सुरक्षा माह अंतर्गत गतिविधि का आयोजन किया गया।

# 166 महतारी सदन की मिली स्वीकृति, 25 सौ वर्गफुट में बनेगा महतारी सदन

**महतारी सदन में कमरा, बरामदा, हाल, किचन, स्टोर रूम, पेयजल के लिए ट्यूबवेल और सामुदायिक शौचालय जैसी होंगी सुविधायें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास से 166 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, इसके लिए 49 करोड़ 80 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि लगातार ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। ततपश्चात महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। अब तक 368 महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिये जारी किया गया है। कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपये 30 लाख होगी।




### 5 वर्षो में सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाने की योजना


प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरुआत हो गयी है। पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है व 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

## जर्जर हो चुके भवनों में संचालित हो रहा बालक व कन्या आश्रम

# नई बिल्डिंग का हवाला देकर क्षतिग्रस्त हो चुके आश्रमों की मरम्मत अब तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- बारिश के पानी का सिपेज आश्रम की बिल्डिंग को कर रहा कमजोर





मासूम आश्रम में रहकर पढ़ने वाले बच्चों की जाने अब जोखिम में, बीजापुर जिले में एकीकृत आदिवासी विकास विभाग के अधीनस्थ संचालित दर्जन भर से अधिक आश्रम पूरी तरह क्षतिग्रस्त चुके अधीक्षक औऱ मंडल संयोजक बेखबर है। बीते दिनों उसूर में संचालित गलगम आश्रम की दशा देखा गया है।

गौरतलब है की बीजापुर जिले में 189 बालक एवं कन्या आश्रम संचालित है मगर इनमें से कोई ऐसी आश्रम संचालित है जिन्हें दुबारा जीवणोंद्धार की जरूरत है, छतों का प्लास्टर उखड़ रहा, बारिश के पानी का सिपेज आश्रम की बिल्डिंग को और कमजोर कर रहा है, मानों कभी भी छत धराशाही होकर गिर सकता है, ऐसे में मासूम आदिवासी बच्चों की जान जोखिम में है औऱ विभागीय अधिकारियों को मालूम होते हुए भी खामोश है मानो यह किसी दुर्घटना के होने का इंतजार कर रहे हैं।

ज्ञात हो की बीते दिनों उसूर में संचालन हो रहे गलगम आश्रम की अव्यवस्थाओं को देख अचंभित हुआ, बच्चे जिस कक्ष में सो रहे थे वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है छत का प्लास्टर उखड़कर नीचे गिर रहनें लगा है लेकिन एसी कक्ष में बैठकर केवल आदेश देने वाले अधिकारियो को इसकी क़ोई चिंता नही है जबकि स्कूल जतन योजना, वेंडे स्कूल दायकाल सहित अन्य योजना चल जरूर रही है पुराने चार्जर हो चुके स्कूलों का मरम्मत कार्य, नये स्कूलों के निर्माण का भरपूर दावा किया जा रहा है किंतु जमीनी स्तर पर अधिकारियो की दावाएं फेलियर साबित हो रही है।

**नई बिल्डिंग नहीं मिला**

क्षतिग्रस्त हो चुके आश्रम के भवन का निर्माण कार्य कराने एकीकृत आदिवासी विकास विभाग के सहायक उपायुक्त को आवेदन दिया जा चुका है। उन्होंने नई बिल्डिंग बनाने का हवाला देकर आवेदन वापस कर दिया। आज तक आश्रम के लिए नई बिल्डिंग नहीं मिला न ही वर्तमान में क्षतिग्रस्त हो चुके आश्रम का मरम्मत कार्य करवाया जा रहा है।

-कन्ना सोढ़ी,
अधीक्षक, बालक आश्रम गलगम

# कलेक्टर ने दिए शिक्षा सेवाओं में सुधार के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई-लिखाई का स्तर परखा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने शुक्रवार को जिले के आंगनबाड़ी केंद्र तोंगपाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदगढ़ और माध्यमिक शाला मयापारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आहार व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं और शैक्षणिक गतिविधियों की गहन समीक्षा की।

सर्वप्रथम कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने माध्यमिक शाला मुयापारा में बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई-लिखाई का स्तर परखा। शिक्षकों को नियमित रूप से कक्षाएं संचालित करने और बुनियादी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र तोंगपाल में बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार, साफ-सफाई और उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। कार्यकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण आहार वितरण और बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदगढ़ में दवाइयों की उपलब्धता और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। डॉक्टरों व स्टाफ को समय पर उपस्थित रहकर सेवाएं देने और खासतौर पर गर्भवती महिलाओं व बच्चों की देखभाल पर जोर देने को कहा। निरीक्षण के अंत में कलेक्टर ने अधिकारियों- कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी शासकीय संस्थान निर्धारित मानकों के अनुरूप विभागीय सेवाएं सुनिश्चित करें।

# सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों ने वेतनमान संशोधन के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संवर्ग के कर्मचारियों ने आज बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल से भेंटकर अपने वेतनमान संबंधी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

कर्मचारियों ने रखी मांग ज्ञापन में कहा गया कि पशुधन विकास विभाग की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले इस संवर्ग का प्रारंभिक वेतनमान ग्रेड-पे-2400 से बढ़ाकर 2800 किया जाए साथ ही 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाए।

इस अवसर पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कहा कि उनकी उचित मांगों को वे प्रदेश सरकार तक पहुंचाएंगे उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र व्यवहार के माध्यम से सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के प्रारंभिक वेतनमान में संशोधन एवं तृतीय समयमान वेतनमान प्रदाय करने का निवेदन भेजा है। राज्य सरकार से शीघ्र निर्णय की अपेक्षा बस्तर विधायक बघेल ने कहा कि यह संवर्ग ग्रामीण अंचलों में पशुधन एवं कृषि आधारित आजीविका को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसलिए उनकी मांगें न्यायोचित हैं और सरकार को इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। इस दौरान राकेश कुमार दुबे, मुकेश तिवारी, सुनील भटनागर, देवेंद्र धृतलहरे, लोकेश शार्दुल, एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# भाजपा में शामिल हुए चंद्रगिरी के कार्यकर्ता, विधायक ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



दरभा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चंद्रगिरी में जनसंपर्क अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करने वाला एक महत्वपूर्ण क्षण शनिवार को देखने मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायं के जनकल्याणकारी योजनाओं एवं भाजपा की राष्ट्रवादी नीति-रीति से प्रभावित होकर अनेक युवाओं एवं ग्रामवासी कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा प्रवेश कार्यक्रम के दौरान उपस्थित क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल के समक्ष ग्राम पंचायत चंद्रगिरी के युवा एवं सक्रिय कार्यकर्ता नितेश ठाकुर, लुधर ठाकुर, शैलेन्द्र सेठिया, शीवान्सु ठाकुर, लाला राम नाग, उमेश एवं अन्य सहयोगियों ने पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। इन सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा की विचारधारा में आस्था जताते हुए, क्षेत्र एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने की प्रतिबद्धता जाहिर की। कार्यक्रम में विधायक ने सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में स्वागत किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाजपा आज केवल एक राजनैतिक दल नहीं, बल्कि देश की सेवा के लिए समर्पित एक सशक्त जनआंदोलन है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और विकास की गति और तेज होगी।

इस अवसर पर विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी और उन्हें आगे आकर इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जिला मंत्री बाबुल नाग, मण्डल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम, सोमारू राम कश्यप, जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष हरी प्रसाद पीडी, मुन्नु सिंह, मिटकु राम बघेल, दुर्जन सिंह कश्यप, शिव सूर्यवंशी, धर्मेंद्र ठाकुर, प्रफुल्ल नाग, प्रेमलता मितानिन, बुदन सिन्हा, नितेश ठाकुर, निलाम्बर ठाकुर, जमुना ठाकुर, सावित्री नाग, श्यामा बघेल, डिकेश नाग, भूषण ठाकुर, चचिन्द ठाकुर, एवं अन्य कार्यकर्ता गण भी उपस्थित रहे।

# शिक्षा गुणवत्ता और शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम ब्लॉक के समस्त आश्रम, छात्रावासों और पोटाकेबिन के अधीक्षकों की बैठक गुरुवार को गीदम जनपद पंचायत के स्वराज भवन में आयोजित हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में छात्रावासों में प्रवेश की स्थिति, रखरखाव और स्वच्छता, छात्रों की सुरक्षा, शिक्षा गुणवत्ता और शैक्षणिक प्रगति, भोजन की गुणवत्ता, छात्रों के स्वास्थ्य और अधोसंरचना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत गीदम के उपाध्यक्ष और शिक्षण समिति के सभापति दिनेश कुमार कौशल ने की। इस बैठक में जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष श्रीमती शकुन्तला भास्कर, शिक्षा समिति के सदस्य पवन कर्मा, मुन्नाराम, अनीता नेताम, जनपद पंचायत सदस्य रामु राम अलामी, खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, बीआरसी जितेंद्र चौहान, मंडल संयोजक गीदम रविन्द्र टीकम व ब्लॉक के समस्त छात्रावास अधीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों का उद्देश्य छात्रों को बेहतर सुविधाएं और शिक्षा प्रदान करना है। बैठक के दौरान शिक्षा समिति सभापति ने छात्रावासों के रखरखाव और स्वच्छता पर विशेष जोर दिया और इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया।

### विधायक ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



घाटलोहंगा। आज बस्तर नगर पंचायत पहुंचकर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने पूर्व पार्षद सुमन दीक्षित के पिता स्व. कामताप्रसाद मिश्रा एवं बालेंगा निवासी स्व. आरिफ खान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की विधायक ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक स्वर में दिवंगत आत्माओं को नमन किया और परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर बालेश दुबे, गोपाल कश्यप, जगमोहन बघेल, सूरज कश्यप, रियाज खान, छोटू परिहार, नगेंद्र परिहार, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर, जोगेश बघेल, शेख अनस, पूरन शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद थे।

# मूलभत समस्याओं पर हुई चर्चा वन अधिकार पट्टा किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



जिले के ग्राम पंचायत कासोली में शनिवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्राम सभा अध्यक्ष सुकालु नेताम के अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें ग्राम की मूलभूत समस्याओं, सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि विषयों पर चर्चा किया गया। इस दौरान ग्राम वासियों को वन अधिकार पट्टा भी वितरण किया गया। इसके साथ ही समूह की महिलाओं को स्वच्छता सामग्री भी वितरण किया गया । इस बैठक में बैठक में सरपंच शैलेश अटामी, उप सरपंच चैतराम भास्कर, पंच राजू राम करतामी, लक्ष्मण अटामी, महेश भास्कर, भगत अटामी, शांति अटामी, रामा अटामी, सामनाथ अटामी, गायत्री अटामी,शीला अटामी, सामो, तामो, सायबो हपका, आयतु राम कोवासी, फूलमती करटाम, टिकेश्वरी मंडावी , सचिव रविन्द्र सोनी, रोजगार सहायक महेंद्र हेमला सहित कई वरिष्ठ कनिष्ठ गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# स्कूल जूडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**जगदलपुर (चैनल इंडिया)।** 13वी इंटर स्कूल जूडो प्रतियोगिता का उद्‌घाटन आज मुख्य अतिथि विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पांडेय, स्पीकर खेमसिंह देवांगन, योगेंद्र पाण्डेय संरक्षक, अभिषेक सिंह अवस्थी डायरेक्टर सीवी रमन यूनिवर्सिटी, राणा घोष अध्यक्ष जिला फुटबाल संघ के उपस्थिति में टाउन हॉल में हुआ। प्रतियोगिता में बस्तर संभाग सहित अन्य जिलों की जूडो टीम शामिल हुए। प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग की थी। साथ ही 10 वर्ष से कम वर्ग के खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया। उक्त प्रतियोगिता में 260 खिलाडी व 20 अधिकारी भाग लिए। जूडो संघ के सचिव अब्दुल मोईन ने यह जानकारी दी।

# एएम,एनएस इंडिया ने विकास की लिखी नई कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल




जिला दंतेवाड़ा और सुकमा की धरती पर इन दिनों बदलाव की एक नई लहर महसूस की जा रही है। कभी बीमारी, बेरोजगारी और सुविधाओं की कमी से जूझते ये गाँव अब धीरे-धीरे उम्मीद और विकास की राह पर बढ़ रहे हैं। यह बदलाव केवल योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि हर घर की मुस्कान और हर बच्चे की आंखों की चमक में साफ झलकता है।

कभी जहां छोटी-छोटी बीमारियां भी बड़ी मुसीबत बन जाती थीं, वहीं आज एम,एनएस इंडिया का आरोग्य कार्यक्रम गांव-गांव तक स्वास्थ्य की नई उम्मीद पहुंचा रहा है। किरंदुल बस्ती, फूलपाड़ और गुमियापाल में लगे स्वास्थ्य शिविरों ने सैकड़ों ग्रामीणों को राहत दी है। मलेरिया और ब्लड शुगर की जाँच से लेकर आंखों की रोशनी की देखभाल तक इन सेवाओं ने न सिर्फ समय रहते बीमारियों का पता लगाया, बल्कि लोगों को नए जीवन का विश्वास भी दिया। दर्जनों ग्रामीणों को चश्मे मिले, तो कई गंभीर बीमारियों का समय रहते उपचार हो सका। वहीं, महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता की सही जानकारी ने उन्हें आत्मसम्मान और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का हौसला दिया। सुकमा में दिव्यांग भाई-बहनों को मिले कृत्रिम अंग और थेरेपी ने उनके भीतर फिर से जीने की शक्ति जगाई है। एम,एनएस इंडिया मानता है कि शिक्षा ही असली विकास की नींव है। यही कारण है कि पहाड़ों और जंगलों में रहने वाले बच्चों तक भी ज्ञान की रोशनी पहुँचाई जा रही है। हाल ही में, माँ भगवती आश्रम में छात्रों को एलईडी टीवी प्रदान किया गया, ताकि वे आधुनिक शिक्षा से जुड़ सकें। बेटियों को छात्रवृत्ति और मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिलें और बैग देकर उनकी पढ़ाई का सफ़र आसान बनाया गया। इतना ही नहीं, कुच्छारस, परिया और मारोकी गाँवों में नए विद्यालय भवनों का निर्माण कराया गया, जिससे बच्चों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण मिले। इन पहलों ने सुनिश्चित किया है कि अब कोई भी बच्चा गरीबी के कारण पढ़ाई बीच में न छोड़े। तृप्ति योजना के तहत ग्रामीणों के जीवन में स्वच्छ पानी की समस्या अब अतीत बनती जा रही है। तमोपारा, गादीरस और कुच्छारस जैसे गाँवों में लगाए गए सोलर आधारित जल प्रणालियों से अब 1300 से अधिक लोगों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है।

